दिन– बुधवार दिनांक– 25 / 09 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधि– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर हुयी। मुंगेर में आठ और बेगूसराय में तीन लोगों की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत।

02. बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के चलते प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। आज भी राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना।

03. राज्य सरकार ने विशेष भूमि सर्वेक्षण के लिए जमीन के दस्तावेज और स्वघोषणा जमा करने की समय सीमा तीन महीने के लिए बढ़ायी।

04. और, बिहार ने बिजली खपत में बनाया नया रिकॉर्ड। बीते सोमवार की रात आठ हजार पांच मेगावाट बिजली की आपूर्ति की गयी।

---

प्रदेश में बाढ़ की स्थिति दिन–प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है। आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दायरा लगातार बढ़ता जा रहा है। तेरह जिलों के अड़सठ प्रखडों की तीन सौ पंचानवे पंचायतों की लगभग सोलह लाख तीस हजार की आबादी बाढ़ की चपेट में आ चुकी है। मुंगेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में कमी आने के बावजूद बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

–––रिपोर्ट–––

मुंगेर जिले के बरियारपुर, टेटिया बंबर, हवेली खड़गपुर और सदर प्रखंड में पिछले चौबीस घंटों के दौरान बाढ़ के पानी और गंगा नदी में डूबने से आठ लोगों की मौत हो गयी। जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने लोगों से गहरे पानी में जाने और नदी घाटों पर स्नान करने से बचने की अपील की है। इधर, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की ओर से युद्ध स्तर पर राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है। बाढ़ पीड़ितों के बीच पॉलिथीन शीट, सूखे राशन के पैकेट और पशु चारे का वितरण किया जा रहा है। साथ ही राहत शिविर और सामुदायिक रसोई घर भी संचालित किये जा रहे हैं। आकाशवाणी समाचार के लिए मुंगेर से प्रशांत कुमार सिंह।

इधर, पटना से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी के जलस्तर में लगातार कमी आ रही है।

———रिपोर्ट———

गंगा नदी का जलस्तर पटना के दीघा घाट, गांधी घाट और हाथीदह में अभी भी खतरे के निशान से ऊपर बना हुआ है। हालांकि जलस्तर में लगातार गिरावट हो रही है। जल संसाधन विभाग ने अगले दो दिनों में गंगा का जलस्तर लाल निशान से नीचे आने की संभावना जताई है। इधर, जिले के सात अंचलों के दियारा क्षेत्रों में बाढ़ पीड़ितोंके बीच जिला प्रशासन की ओर से लगातार राहत अभियान चलाया जा रहा है। प्रशासन ने लोगों से किसी भी प्रकार की जानकारी देने या राहत के लिए आपदा प्रबंध नियंत्रण कक्ष के टेलीफोन नम्बर– **शून्य छह एक दो —– दो दो एक शून्य एक एक आठ** पर सपंर्क करने की अपील की है। आकाशवाणी समाचार के लिए पटना से आशीष रंजन।

भागलपुर से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा नदी का जलस्तर कम होने के बाद भागलपुर–जमालपुर रेलखंड पर कल दोपहर से ट्रेनों का परिचालन शुरू कर दिया गया है। इधर, बेगूसराय में गंगा नदी अपने रौद्र रूप में है। ब्यौरे के साथ हैं हमारे संवाददाता––

———रिपोर्ट———

बेगूसराय के बलिया, मटिहानी, शामहो और बेगूसराय सहित आठ प्रखंड बाढ़ से प्रभावित हैं। मटिहानी के सिंगपुर में 18 घर गंगा के गर्भ में समा गए। इधर, जिले के बछवारा के चमथा में बाढ़ के पानी में डूबने से दो बच्चों की मौत हो गयी। वहीं, बलिया में भी एक बच्ची की डूबने से मौत की खबर है। इधर, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जिला प्रशासन की ओर से राहत और बचाव अभियान जारी है। स्वयंसेवी संस्थाएं भी बाढ़ पीड़ितों के बीच राहत सामाग्री का वितरण कर रही है। आकाशवाणी समाचार के लिए बेगूसराय से विजय कुमार झा।

खगड़िया से हमारे संवाददाता ने बताया कि गंगा और गंडक नदी में उफान के चलते पच्चीस पंचायतें बाढ़ की चपेट में है।

———रिपोर्ट———

खगड़िया जिले में गंगा और गंडक में आई बाढ़ से गोगरी, खगड़िया, मानसी और परबत्ता प्रखंड की पच्चीस पंचायतों की इकहत्तर हजार से अधिक की आबादी बाढ़ से प्रभावित है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 86 नावों का परिचालन किया जा रहा है। साथ ही दो बोट एम्बुलेंस के माध्यम से लोगों को आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही है। प्रशासन प्रभावित क्षेत्रों में बयालीस सामुदायिक रसोई केंद्र का भी संचालन कर रहा है। इधर, स्थानीय सांसद राजेश वर्मा ने कल बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर अधिकारियों को राहत और बचाव कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। आकाशवाणी समाचार के लिए खगड़िया से प्रभात सुमन।

कटिहार जिले के कुर्सेला, बरारी, मनिहारी और अमदाबाद प्रखंड के कई गांवों में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। और ब्योरा हमारे संवाददाता से....

———रिपोर्ट———

गंगा और कोसी नदी में उफान से जिले में सबसे भयावह स्थिति अमदाबाद, बरारी और कुर्सेला प्रखंड की है। यहां सैकडो घरो मे बाढ़ का पानी घुस गया है। मनिहारी के बघार पंचायत के मेदनीपुर गांव में बाढ़ के कारण जनजीवन अस्त–व्यस्त हो गया है। जिंदगी जुगाड़ से बनी नावों के सहारे चल रही है। फसल और चारा डूब जाने

से पशुओं के लिए चारे का प्रबंध भी एक चुनौती बन गया है। आकाशवाणी समाचार के लिए कटिहार से कुमार मुकेश चौधरी।

इधर, समस्तीपुर, बक्सर, भोजपुर, सारण, वैशाली, लखीसराय और शेखपुरा जिले में भी बाढ़ की स्थिति में कोई सुधार नहीं है।

---

बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के चलते प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश हो रही है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के उत्तर–पूर्वी हिस्सों में कई स्थानों पर मूसलाधार बारिश हुयी है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक ने बताया कि आज राज्य के पूर्वी हिस्सों में कुछ स्थानों पर मेघगर्जन के साथ मध्यम से भारी बारिश की संभावना है। राज्य के शेष हिस्सों में भी हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

–––बाईट–––

इधर, मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान लखीसराय, मुंगेर और बांका जिले में कुछ स्थानों पर तेज हवा के साथ हल्की से मध्यम बारिश का अलर्ट जारी किया है।

---

राज्य सरकार ने विशेष भूमि सर्वेक्षण के लिए जमीन के दस्तावेज और स्वघोषणा पत्र जमा करने की समय सीमा तीन महीने के लिए बढ़ा दी है। राजस्व और भूमि सुधार विभाग के मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल ने बताया कि रैयतों को जमीन के कागजात एकत्र करने में आ रही समस्या को देखते हुए यह फैसला किया गया है। उन्होंने बताया कि इस संबंध में जल्द ही अधिसूचना जारी की जाएगी। डॉ. जायसवाल ने बताया कि विभाग ने जमीन सर्वे से जुड़ी शिकायत, समस्या या जानकारी प्राप्त करने के लिए हेल्पलाईन नम्बर जारी किया है।

–––बाईट–––

---

प्रदेश में बीते सोमवार की रात रिकॉर्ड आठ हजार मेगावाट से अधिक बिजली की खपत हुई, जो अब तक का सर्वाधिक है। ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने यह

जानकारी दी। उन्होंने बताया कि तेईस सितंबर को रात्रि नौ बजकर तिरेपन मिनट पर बिहार में बिजली आपूर्ति की अधिकतम मांग आठ हजार पांच मेगावाट दर्ज की गई। विद्युत वितरण कंपनियों ने अपने–अपने क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति की अधिकतम मांगों को पूरा किया।

---

सारण के मढौरा स्थित रेल डीजल लोकोमोटिव संयंत्र से जल्द ही रेल इंजन का का अफ्रीका को निर्यात किया जाएगा। रेल मंत्रालय के अनुसार, रेलवे और वैबटेक लोकोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड अफ्रीका को लोकोमोटिव निर्यात के लिए इस संयंत्र की क्षमता बढा रहे हैं। मंत्रालय के अनुसार, पहली बार मढौरा संयंत्र से किसी देश को लोकोमोटिव का निर्यात किया जायेगा। इस कारखाने में बने साढे चार हजार अश्व शक्ति वाले इंजन में ईंधन की खपत कम होती है और यह भीषण गर्मी में भी कुशलतापूर्वक कार्य कर सकता है। इस लोकोमोटिव का निर्यात अगले वर्ष किया जायेगा। यह निर्यात प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मेक इन इंडिया, मेक फार द वर्ल्ड और आत्मनिर्भर भारत की पहल के अनुरूप है।

---

पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने राज्य में आपराधिक घटनाओं को नियंत्रित कर विधि–व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सभी जिलों को केंद्रित दृष्टिकोण के साथ काम करने का निर्देश दिया है। पटना में समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए सभी पुलिस कर्मियों को पांच बिन्दुओं पर काम करने की सलाह दी। डीजीपी ने कहा कि आपराधिक घटनाओं की रोकथाम, घटना के बाद उनका जल्द पता लगाना, अपराध की प्रवृति ट्रेंड देखते हुए पूर्वानुमान, अपराधियों को सजा दिलाना और इसे लेकर लोगों की धारणा बदलने पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है। पुलिस महानिदेशक ने सभी पुलिस अधीक्षकों को जमीनी स्तर पर वस्तुस्थिति की जानकारी लेने का निर्देश दिया।

---

प्रदेश में घोड़परास और जंगली सूअरों को मारने के लिए विशेष अभियान चलेगा। पर्यावरण, वन और जलावायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दिया। डॉ. कुमार

ने कहा कि फसलों को बचाने के लिए वैशाली, सीवान और समस्तीपुर जिले में इसी महीने अभियान शुरू होगा।

---

प्रदेश में डेंगू के नये मामलों के मिलने का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य में डेंगू के इक्यावन नए मामलों की पुष्टि हुयी है। इसमें उनचास मरीज पटना के हैं। वहीं, पटना में चिकनगुनिया के भी तीन नये मामलों की पुष्टि हुयी है।

---

प्रदेश की बिजली कंपनियों में अब दो हजार छह सौ की जगह चार हजार सोलह नये पदों पर नियमित नियुक्ति होगी। इसके लिए एक अक्टूबर से पंद्रह अक्टूबर तक ऑनलाइन आवेदन लिये जायेंगे। आवेदन का लिंक बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा। बिजली कंपनी ने कहा है कि जून–जुलाई में आवेदन कर चुके अभ्यर्थियों को फिर से उसी पद के लिए आवेदन करने की जरूरत नहीं होगी।

---

मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र के बनकट्टा चौक के पास पुलिस ने दो अपराधियों को हथियारों के साथ गिरफ्तार किया है।

---

मधेपुरा जिला मुख्यालय के कॉलेज चौक स्थित एक शॉपिंग मॉल के मैनेजर से पांच लाख रुपए रंगदारी मांगने के आरोप में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

---

रोहतास जिले के डेहरी नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक कार से तिहत्तर किलो से अधिक गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों तस्कर उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं।

---

पूर्वी चम्पारण जिले के संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियरिया गांव में असामाजिक तत्वों ने एक सौ बारह पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस हमले में कई पुलिस कर्मी घायल हो गए। मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी हुयी है।

---

अखबारों की सुर्खियां.....

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** लिखता है – बाईक–फ्रिज वालों को भी पीएम आवास। अगले माह से होगा योजना का सर्वे।

**दैनिक जागरण** ने लिखा है – दरभंगा एम्स को मिली पूरी जमीन। सैंतीस दशमलव तीन–एक एकड़ के कागजात सौंपे गए।

**प्रभात खबर** की सुर्खी है – जमीन के पुराने दस्तावेज गायब, कर्मियों पर दर्ज की गयी प्राथमिकी।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है – सरकारी आंकड़े अब कहते हैं, बिहार में बेरोजगारी दर मात्र तीन प्रतिशत।

**राष्ट्रीय सहारा** की प्रमुख खबर है– जम्मू कश्मीर में दूसरे चरण की वोटिंग आज।

**दैनिक आज** ने लिखा है – पटना के जाहिद का यूपी में एनकाउंटर। ट्रेन में दो जवानों की हत्या में एक लाख का वांछित ईनामी था।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर............

01. प्रदेश में बाढ़ की स्थिति गंभीर हुयी। मुंगेर में आठ और बेगूसराय में तीन लोगों की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत।

02. बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र के चलते प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में रूक–रूक कर बारिश का सिलसिला जारी। आज भी राज्य के कई हिस्सों में बारिश की संभावना।

03. राज्य सरकार ने विशेष भूमि सर्वेक्षण के लिए जमीन के दस्तावेज और स्वघोषणा जमा करने की समय सीमा तीन महीने के लिए बढ़ायी।

04. और, बिहार ने बिजली खपत में बनाया नया रिकॉर्ड। सोमवार की रात आठ हजार पांच मेगावाट बिजली की आपूर्ति की गयी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।